आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 09.04.2026 समय 1830

मुख्य समाचार :—

- प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा— विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा में सीएसडी कैंटीन और सैनिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण किया।
- कुमाऊं मंडल के सभी जिलों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी से निगरानी बढ़ाई जाएगी।
- चम्पावत के पाटी और पौड़ी के पाबौ विकासखंड में किसान दिवस का आयोजन। किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की दी गई जानकारी।

प्रधानमंत्री / महिला आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विधायी निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण से लोकतंत्र और अधिक जीवंत तथा सहभागी बनेगा। एक वीडियो में समाचार पत्रों में दिए गए अपने विशेष लेख का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण से जुडे महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा और उसे पारित कराने के लिए 16 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जरूरी है कि 2029 के लोकसभा चुनाव तथा आने वाले समय में विभिन्न राज्यों में विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों के प्रावधान के साथ आयोजित हों।

सैनिक सम्मान समारोह

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, आज ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा में अपने पिता स्वर्गीय सूबेदार शेर सिंह धामी की छठी पुण्यतिथि पर आयोजित गौरव सैनिक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने सीएसडी कैंटीन और सैनिक मिलन केन्द्र का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने अपने पिता के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों और वीर नारियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने 60 वीर नारियों और 80 वीर योद्धाओं को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, शहीदों और उनके परिजनों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी इस दिशा में और प्रयास किए जाएंगे।

जिलाधिकारी निरीक्षण

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने आज जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने ओपीडी, इमरजेंसी, विभिन्न वार्डों और विभागों का निरीक्षण कर चिकित्सकों, कर्मचारियों, मरीजों व तीमारदारों से बातचीत कर फीडबैक लिया। निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने चिकित्सा प्रबंधन समिति की बैठक की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला चिकित्सालय को आधुनिक, सुव्यवस्थित और जनसुलभ स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

पुलिस महानिरीक्षक निरीक्षण

कुमाऊं परिक्षेत्र की पुलिस महानिरीक्षक रिद्धिम अग्रवाल ने आज पिथौरागढ़ में पुलिस लाइन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों और जवानों से संवाद कर उनकी समस्याएं और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। साथ ही जनता मिलन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर कानून व्यवस्था से जुड़े मुद्दों को सुना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पत्रकारों से बातचीत में पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि कुमाऊं के सभी जिलों में कानून व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए सीसीटीवी से निगरानी बढ़ाई जाएगी। इसके लिए करीब 55 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार कर पुलिस मुख्यालय को भेजा गया है।

किसान दिवस

राज्य सरकार की पहल पर किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से प्रत्येक माह के दूसरे गुरुवार को विकासखंड स्तर पर किसान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत चम्पावत जिले के पाटी विकासखण्ड सभागार में आज किसान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य कृषि अधिकारी डी. कुमार ने बताया कि किसानों को कृषि, पशुपालन, उद्यान और सहकारिता सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके अलावा उनकी विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

प्रगतिशील किसान नरेश भट्ट ने कहा कि किसान दिवस के माध्यम से दूरस्थ पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक की जानकारी दी गई।

वहीं, पौड़ी गढ़वाल के पाबौ विकासखंड सभागार में किसान दिवस आयोजित किया गया। विभिन्न विभागों ने किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनकी समस्याएं भी सुनीं।

<u>वॉटर स्पोर्ट्स</u>

टिहरी झील में चल रही 25वीं ऑल इंडिया पुलिस वॉटर स्पोर्ट्स क्लस्टर प्रतियोगिता के दूसरे दिन आज विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। देशभर से आई पुलिस बलों की टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के साथ–साथ खेल भावना भी देखने को मिली। इस अवसर पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि वॉटर स्पोर्ट्स न केवल शारीरिक दक्षता को बढ़ाते हैं, बल्कि आपदा प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस मौके पर आईटीबीपी, उत्तरी सीमांत के महानिरीक्षक मनु महाराज ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बलों के बीच समन्वय, साहस और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को सुदृढ़ करते हैं तथा प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित भी करते हैं।